**खबर संक्षेप**



## आईपीएल सट्टा संचालित करते जबलपुर के 3 आरोपी गिरफ्तार

**मंडला में RCB बनाम मुंबई मैच पर लग रहा था दांव; 2.66 लाख का सामान जब्त**

**मंडला-** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र के कटरा इलाके में पुलिस ने आईपीएल मैच पर अवैध सट्टा संचालित करते हुए तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। आरोपी किराए के मकान में बैठकर रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर (RCB) बनाम मुंबई इंडियंस मैच पर हार-जीत का दांव लगवा रहे थे।17 मोबाइल और लैपटॉप समेत उपकरण जब्तपुलिस ने मौके से 17 मोबाइल फोन, एक लैपटॉप, वाई-फाई राउटर, रिकॉर्डर और इन्वर्टर बरामद किया है। जब्त किए गए इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों और दो मोटरसाइकिलों की कुल कीमत करीब 2.66 लाख रुपए आंकी गई है। मौके से सट्टा डायरी भी मिली है, जिसमें 40 लाख रुपए के लेनदेन का जिक्र है। जबलपुर से संचालित हो रहा था नेटवर्कपकड़े गए आरोपी जमुना प्रसाद पटेल, शुभम कोरी और आकाश राजभर मूल रूप से जबलपुर के रहने वाले हैं। पूछताछ में मुख्य आरोपी जमुना प्रसाद ने बताया कि वे यहां से सट्टा लेकर जबलपुर निवासी मनीष जिमनानी को भेजते थे। पुलिस ने चारों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। मकान मालिक पर भी हो सकती है कार्रवाईएसपी रजत सकलेचा ने बताया कि पुलिस इस बात की जांच कर रही है कि मकान मालिक ने किराएदारों का पुलिस वेरिफिकेशन कराया था या नहीं। जानकारी न देने की स्थिति में कलेक्टर के आदेश के उल्लंघन का मामला दर्ज किया जाएगा। गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की तलाश के लिए पूछताछ जारी है।

## एकीकृत हाईस्कूल बिंझिया में 'जीवन बचाओ' अभियान संपन्न



**मंडला**-एकीकृत शासकीय हाई स्कूल बिंझिया में प्राचार्य श्री मुकेश कुमार पांडे केकुशल निर्देशन में अंबेडकर जयंती के अवसर पर विविध कार्यक्रमों का आयोजनकिया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माता सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीपप्रज्वलन के साथ हुई।इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी मंडला श्री रंजीत गुप्ता नेविद्यार्थियों को भीमराव रामजी अंबेडकर के जीवन संघर्ष, उनके सिद्धांतों एवंभारतीय संविधान निर्माण में उनके महत्वपूर्ण योगदान के बारे में विस्तार सेबताया। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब ने विपरीत परिस्थितियों में भी शिक्षा औरदृढ़ संकल्प के बल पर इतिहास रचा, और आज संविधान के कारण हर नागरिकस्वयं को सुरक्षित महसूस करता है।कार्यक्रम के तहत 'जीवन बचाओ' अभियान भी चलाया गया। पर्यावरणविदश्री राजेश क्षत्री ने विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए पेड़-पौधों,पशु-पक्षियों की रक्षा और जल संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डाला।प्राचार्य श्री मुकेश कुमार पांडे ने अपने संबोधन में बाबा साहेब के व्यक्तित्वपर प्रकाश डालते हुए कहा कि "जीवन लंबा नहीं, महान होना चाहिए" यह संदेशप्रत्येक विद्यार्थी को अपने जीवन में अपनाना चाहिए।कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों द्वारा भीमराव रामजी अंबेडकर परआधारित चित्र, पोस्टर, भाषण एवं चित्रकला का प्रदर्शन किया गया, जिसकीअतिथियों ने सराहना की। साथ ही विद्यालय परिसर में पक्षियों के लिए पेड़ों परसकोरे (जल पात्र) बांधे गए और सभी ने संविधान पालन की शपथ ली।

### कलेक्टर ने संभाली कमान

# अधिकारी नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण करें



**मंडला** -जिले में पदभार ग्रहण करने के बाद कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे ने सोमवार को जिला योजना भवन में वरिष्ठ अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक लेकर प्रशासनिक कार्यप्रणाली की स्पष्ट दिशा तय कर दी। बैठक की शुरुआत सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त कर की गई, जिसमें कलेक्टर श्री धोटे ने प्रत्येक विभाग की भूमिका और जिम्मेदारियों की संक्षिप्त जानकारी भी ली। बैठक में अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री शाश्वत सिंह मीना, समस्त एसडीएम, सीएमओ, सीईओ सहित जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद थे। बैठक में कलेक्टर श्री धोटे ने स्पष्ट कहा कि शासन की सभी योजनाओं का क्रियान्वयन परिणाममूलक, पारदर्शी और समयबद्ध होना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि केवल कागजी प्रगति नहीं, बल्कि जमीनी स्तर पर वास्तविक परिवर्तन दिखना चाहिए। फील्ड विजिट को अनिवार्य बताते हुए उन्होंने कहा कि अधिकारी नियमित रूप से क्षेत्र का भ्रमण करें और योजनाओं की वास्तविक स्थिति का आकलन करें। अधिकारी अपने भ्रमण के दौरान स्कूलों में पीएम पोषण (मिड-डे मील) का भी जायजा अवश्य लें। जिले में शासकीय राशन दुकानों से शत प्रतिशत राशन वितरण व्यवस्था को सुचारू एवं पारदर्शी बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने जिला आपूर्ति अधिकारी को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक राशन दुकान पर अनिवार्य रूप से एक रजिस्टर संधारित करें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कितने पात्र हितग्राहियों को राशन मिल रहा है और इस क्षेत्र के कितने लोग बाहर रह रहे हैं। इसके साथ ही भ्रमण में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों तक आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। साथ ही एचपीवी टीकाकरण अभियान में तेजी लाने एवं लक्ष्य की शत-प्रतिशत पूर्ति करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और बेहतर परिणाम सुनिश्चित करें। बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि प्रत्येक विभाग अपने कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग एवं विश्लेषण कर समस्याओं की पहचान करें और समय रहते समाधान सुनिश्चित करें। जिले के समग्र विकास



के लिए सभी को मिलकर जिम्मेदारी निभानी होगी। अधिकारी बैठकों में अद्यतन जानकारी के साथ मौजूद रहें। कलेक्टर श्री धोटे ने विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता, क्षतिग्रस्त स्कूल भवनों, बालक-बालिकाओं के शौचालयों की मरम्मत के लिए ठोस कदम उठाने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही कलेक्टर ने प्रशासनिक कार्यों में पारदर्शिता और गति लाने के उद्देश्य से जिले में ई-ऑफिस व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि अब सभी शासकीय कार्यालयों में फाइलें ई-ऑफिस के माध्यम से ही स्वीकार की जाएंगी। इससे कार्यप्रणाली में पारदर्शिता आएगी और कार्यों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित होगा। सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे नई व्यवस्था को गंभीरता से अपनाएं और सुनिश्चित करें कि ई-ऑफिस प्रणाली का प्रभावी क्रियान्वयन हो।

अंत में कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल योजनाओं को लागू करना नहीं, बल्कि आमजन के जीवन में वास्तविक बदलाव लाना है। इसके लिए हर अधिकारी को संवेदनशीलता, प्रतिबद्धता और ईमानदारी के साथ कार्य करना होगा।

## मानव-वन्यजीव संघर्ष नियंत्रण को लेकर अहम बैठक,

### जंगल मे सुरक्षा निर्देश जारी





**मंडला**-मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं पर नियंत्रण के उद्देश्य से वन विभागद्वारा महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव)मध्यप्रदेश द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत मुख्य वन संरक्षक, मध्य वनवृत्तजबलपुर के मार्गदर्शन में वनमंडल कार्यालय परिसर में यह बैठक संपन्न हुई।बैठक में वनमंडलाधिकारी पश्चिम सामान्य वनमंडल मंडला के निर्देशन मेंवन परिक्षेत्र कालपी, महाराजपुर, बम्हनी, बीजाडांडी सहित संबंधित परिक्षेत्र सहायक,बीट प्रभारी, वन समितियों के अध्यक्ष-सदस्य और वन सुरक्षा श्रमिक उपस्थित रहे।बैठक के दौरान बाघ, तेंदुआ, हाथी और भालू जैसे वन्यजीवों की गतिविधियोंवाले क्षेत्रों में विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए। लघु वनोपज (एमएफपी)संग्रहण के दौरान समूह बनाकर जाने, अपने साथ डंडा, मोबाइल, टॉर्च और पानीरखने की सलाह दी गई। साथ ही अंधेरे में जंगल में प्रवेश न करने और छोटेबच्चों को साथ न ले जाने की हिदायत दी गई।वन विभाग ने जंगल में बीड़ी-सिगरेट ले जाने और आग जलाने पर पूरीतरह रोक लगाने के निर्देश भी दिए। इसके अलावा सुबह-शाम जंगल में प्रवेश केदौरान बीट गार्ड और अन्य वन अमले की उपस्थिति सुनिश्चित करने की बातकही गई। संवेदनशील क्षेत्रों में समूह के रूप में ही प्रवेश करने पर जोर दिया गया।बैठक का संचालन उपवनमंडलाधिकारी महाराजपुर द्वारा किया गया, जिसमेंसहायक वन संरक्षक सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। वन विभाग ने आमजनसे अपील की है कि वे सुरक्षा निर्देशों का पालन करें और किसी भी वन्यजीवगतिविधि की सूचना तत्काल विभाग को दें।

## जनगणना कार्य में फील्ड ट्रेनर्स की भूमिका महत्वपूर्ण - कलेक्टर



**मंडला**-जनगणना 2027 की तैयारियों की समीक्षा बैठक का आयोजन कलेक्ट्रेट केगोलमेज कक्ष में किया गया। पहले चरण की तैयारियों के संबंध में आयोजित इसबैठक में कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे ने कहा कि जनगणना कार्य में फील्डट्रेनर्स की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। चार्ज लेवल पर 15 अप्रैल से शुरू होनेवाली प्रगणक तथा पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण सत्रों में सभी चार्ज ऑफिसर्स को सघनरूप से मॉनिटरिंग करें। तैयारियों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर श्री धोटे नेनिर्देशित किया कि चिन्हित एचएलबी के साथ-साथ छूटे हुए क्षेत्रों की मैपिंग 15अप्रैल तक पूर्ण कराएं।समीक्षा बैठक में जिला जनगणना प्रभारी डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफने जानकारी देते हुए बताया कि जिले के 41 फील्ड ट्रेनर्स द्वारा 2 जिला स्तरीयमास्टर ट्रेनरों के मार्गदर्शन में 15 से 25 अप्रैल तक 6 तहसीलों एवं 5 नगरीयनिकायों में विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए जायेंगे। इन प्रशिक्षण सत्रों केमाध्यम से जिले की 495 पंचायतों, 1251 ग्रामों के लिए चिन्हित किए गए 1841प्रगणकों तथा 318 पर्यवेक्षकों को जनगणना के कार्य के लिए प्रशिक्षित कियाजायेगा। जनगणना 2027 का प्रथम चरण एक से 30 मई तक चलेगा।बैठक में अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह, जिला योजना अधिकारी,राज्य स्तर से आए मास्टर ट्रेनर, जिला स्तरीय मास्टर ट्रेनर सहित संबंधित मौजूदरहे

## 14 अप्रैल को विविध कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश

**मंडला**-जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित संस्थाओं में 14 अप्रैल को डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इस संबंध में सहायकआयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग द्वारा जिले के सभी शैक्षणिक संस्थानों, छात्रावासोंएवं आश्रम शालाओं को आवश्यक निर्देश जारी किए गए हैं।जारी आदेश के अनुसार, अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में 8 अप्रैल से 14अप्रैल तक सप्ताहभर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इस दौरानस्थानीय जनप्रतिनिधियों, पालक समिति के सदस्यों एवं अभिभावकों को भीआमंत्रित किया जाएगा।कार्यक्रमों में खेल प्रतियोगिताएं, सांस्कृतिक कार्यक्रम, निबंध एवं भाषणप्रतियोगिता (बाबा साहब के सपनों का भारत विषय पर), संविधान शपथ रैली,संस्था की उपलब्धियों का प्रस्तुतीकरण, उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों कासम्मान गतिविधियां शामिल रहेंगे। इसके अलावा 14 अप्रैल को विशेष सहभोज काआयोजन भी किया जाएगा।

सभी संस्थाएं परिसर की साफ-सफाई, रंगाई-पुताई एवं सौंदर्यीकरण जैसे कार्यपूर्ण करें, ताकि आयोजन का वातावरण बेहतर बनाया जा सके। प्रत्येक संस्था मेंएक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाएगा, जो कार्यक्रमों की निगरानी एवं रिपोर्ट प्रस्तुत करेगा।

### पेयजल उपलब्धता के लिए कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश

**मंडला** - बैठक में जिला आपूर्ति अधिकारी ने बताया कि जिले में 15 अप्रैल से गेहूंउपार्जन कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। इसके लिए जिलेभर में कुल 48 उपार्जन केंद्रस्थापित किए गए हैं। कलेक्टर श्री धोटे ने अधिकारियों को निर्देशित किया है किउपार्जन कार्य में किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करनापड़े। इसके लिए सभी एसडीएम उपार्जन केंद्रों का नियमित निरीक्षण करें और यहसुनिश्चित करें कि वहां किसानों के लिए पर्याप्त सुविधाएं उपलब्ध हों। विशेष रूपसे गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए केंद्रों पर मेडिकल किट, ग्लूकोज, ठंडापेयजल, छाया की व्यवस्था के साथ-साथ निकटतम स्वास्थ्य केंद्र एवं चिकित्सकका संपर्क नंबर अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराया जाए। उपार्जन केंद्रों पर किसानों के लिए सहज एवं सम्मानजनक वातावरण सुनिश्चित किया जाए।

## बरबसपुर में जल मंदिर (प्याऊ) की स्थापना, राहगीरों को मिलेगा ठंडा पानी





**मंडला**-मध्यप्रदेश शासन की महत्त्वाकांक्षी योजना 'जल गंगा संवर्धन अभियान' केतहत जनअभियान परिषद की पहल से नैनपुर विकासखंड में जल संरक्षण औरजनसेवा के कार्य निरंतर किए जा रहे हैं। इसी क्रम में सेक्टर क्रमांक 03 डिठौरीअंतर्गत ग्राम बरबसपुर में नवांकुर संस्था 'तेजस्विनी महिला शक्ति संघ नैनपुर'द्वारा जल मंदिर (प्याऊ) की स्थापना की गई।

शनिवार 11 अप्रैल को ग्राम के बजरंगबली चौराहे पर मिट्टी के घड़ों केमाध्यम से प्याऊ स्थापित किया गया, जिससे राहगीरों को गर्मी के मौसम में ठंडापेयजल उपलब्ध हो सकेगा। यह पहल "जल शक्ति से नव भक्ति (सुरक्षित जल-समृद्ध कल)" की अवधारणा को साकार करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदमहैकार्यक्रम के दौरान जल चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों को जल संरक्षण,स्वच्छ पेयजल के महत्व तथा जल के दुरुपयोग को रोकने के उपायों की जानकारीदी गई। उपस्थित लोगों को नलों में टोटी का उपयोग करने और जल स्त्रोतों केआसपास स्वच्छता बनाए रखने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही जल स्त्रोतों केआसपास साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश भी दिया गया।इस पहल से न केवल ग्रामवासी बल्कि राहगीर भी चौराहे पर रुककर छांवमें ठहरते हुए ठंडा पानी पीकर अपनी प्यास बुझा सकेंगे। कार्यक्रम में प्रस्फुटनसमिति के अध्यक्ष श्री भगवानदास झारिया, सचिव श्री नारायण प्रसाद गोहिया,

उपसरपंच श्री धर्मेन्द्र झारिया, ग्राम पटेल झारिया, नवांकुर संस्था की सचिव श्रीमतीऊषा साहू, परामर्शदाता श्री अंजय विश्वकर्मा सहित समिति के सदस्य एवं

ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## नारी शक्ति वंदन अधिनियम से देश की आधी आबादी को मिलेगा न्याय — डॉ. वाणी आहूलवालिया



### प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण का स्वर्णिम अध्याय लिखेगा नारी शक्ति बंधन अधिनियम।

**मण्डला**। भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में पत्रकार वार्ता आयोजित की गई। जिसका संबोधन भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ.वाणी आहूलवालिया ने किया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष मंजू कछवाहा, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार उपस्थित रहे। पत्रकारवार्ता में प्रदेश प्रवक्ता डॉ. वाणी आहूलवालिया ने केंद्र सरकार द्वारा पारित नारी शक्ति वंदन अधिनियम-2026 को देश के सामाजिक और राजनीतिक इतिहास का ऐतिहासिक निर्णय बताया। उन्होंने कहा कि यह केवल एक कानून नहीं, बल्कि वर्षों से महिलाओं को उनके अधिकार दिलाने की दिशा में लिया गया निर्णायक कदम है। डॉ. आहूलवालिया ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में महिला सशक्तिकरण का स्वर्णिम अध्याय लिखेगा नारी शक्ति बंधन अधिनियम। इस अधिनियम के माध्यम से संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण सुनिश्चित कर उन्हें नीति निर्माण की मुख्यधारा में स्थान दिया जाएगा। यह कदम महिलाओं को 'मतदाता' से आगे बढ़ाकर 'निर्णायक' की भूमिका में स्थापित करेगा और देश के विकास में उनकी भागीदारी को सशक्त बनाएगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण के लिए लगातार ऐतिहासिक फैसले लिए हैं। उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, जनधन योजना, मातृत्व अवकाश में वृद्धि जैसे अनेक कदमों से महिलाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है।

डॉ. आहूलवालिया ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि कांग्रेस ने दशकों तक महिला आरक्षण के नाम पर केवल राजनीति की और इस महत्वपूर्ण विषय को लंबित रखा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस की नीयत हमेशा महिलाओं को सशक्त बनाने की नहीं रही, बल्कि उन्हें केवल वोट बैंक के रूप में देखा गया। उन्होंने आगे कहा कि भाजपा सरकार ने इस लंबे इंतजार को समाप्त करते हुए महिलाओं को उनका अधिकार देने का काम किया है। यह अधिनियम नए भारत की दिशा में एक मजबूत और निर्णायक कदम है, जहां महिलाएं देश के नेतृत्व में बराबरी से भागीदारी निभाएंगी।

पत्रकार वार्ता में भाजपा मंडल अध्यक्ष अनीता तिवारी , भावना साहू उमा यादव सहित महिला मोर्चा की पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## स्वास्थ्य प्रशासन की छवि का महत्वपूर्ण पैरामीटर है - कलेक्टर श्री धोटे

## जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक संपन्न



**मंडला-**जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे ने कहाकि स्वास्थ्य प्रशासन की छवि का महत्वपूर्ण पैरामीटर है। हमारे जिले में स्वास्थ्यसेवाओं के लिए लोग शासकीय चिकित्सालयों पर निर्भर हैं। इसलिए हमारीजिम्मेदारी और भी अधिक बढ़ जाती है। स्वास्थ्य जिम्मेदारी के साथ-साथसंवेदनशीलता का विषय है। जिले की मातृ मृत्यु दर का औसत राज्य के औसत सेबहुत अधिक होने पर चिंता व्यक्त करते हुए कलेक्टर श्री धोटे ने कहा कि महिलाबाल विकास विभाग, ग्रामीण विकास विभाग तथा स्वास्थ्य विभाग के सामूहिकप्रयास से इसे न्यून किया जा सकता है।समीक्षा बैठक के दौरान कलेक्टर श्री धोटे ने जिले के जिला चिकित्सालय केअलावा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, उप स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र,संजीवनी क्लीनिक, एनआरसी के संबंध में जानकारी ली। साथ ही मातृ एवं शिशुस्वास्थ्य, एएनसी जांच, पीएनसी जांच, हाईरिश्क प्रेग्नेंसी, टीकाकरण, एनीमिया,सिकलसेल, स्क्रीनिंग, शिशु मृत्यु दर सहित अन्य स्वास्थ्य से संबंधित विषयों कीजानकारी लेते हुए विगत वर्ष की उपलब्धियों की समीक्षा की। कलेक्टर ने जिलापरियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग को निर्देशित करते हुए कहाकि मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के साथ समन्वय स्थापित करते हुएसाझा प्रयास करें। जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य को बेहतर बनाया जा सके।समीक्षा बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डीजे मो हं ती , सिविलसर्जन डॉ. विजय धुर्वे, परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमतीशालिनी तिवारी, सहायक संचालक महिला एवं बाल विकास विभाग श्री रोहितबड़कुल, डीएचओ डॉ. पीएल कोरी, डीपीएम, एनएचएम, डॉ. शैलेन्द्र सिंह, समस्तबीएमओ, बीपीएम, बीसीएम, समस्त सीडीपीओ सहित स्वास्थ्य एवं महिला बालविकास विभाग के अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

### कलेक्टर ने ली राजस्व अधिकारियों की बैठक

**कानून-व्यवस्था और जनविश्वास पर विशेष जोर**

**मंडला**-कलेक्टर श्री राहुल नामदेव धोटे ने सोमवार को राजस्व अधिकारियों कीमहत्वपूर्ण बैठक लेकर कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने, राजस्व कार्यों मेंपारदर्शिता लाने और आमजन का विश्वास अर्जित करने के निर्देश दिए। उन्होंनेकहा कि अधिकारी अपनी कार्यशैली ऐसी बनाएं कि आम नागरिकों में प्रशासन केप्रति भरोसा और सकारात्मक छवि विकसित हो।कलेक्टर श्री धोटे ने स्पष्ट किया कि राजस्व संबंधी कार्य केवल प्रक्रिया तकसीमित न रहकर समाधान के रूप में सामने आने चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए किअधिकारी नियमित रूप से फील्ड में उपस्थित रहें, जिससे जनता को प्रशासन कीसक्रियता का अनुभव हो और उनकी समस्याओं का त्वरित निराकरण संभव होसके।

**कार्यालय जनपद पंचायत बिछिया, जिला-मण्डला (म.प्र.)**

क्रमांक/सामा.न्याय/ज.पं./2026/986 बिछिया, दिनांक 10/04/2026

**निविदा सूचना**

मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह समारोह का आयोजन दिनांक 29/04/2026 को विवाह स्थल कार्यालय जनपद पंचायत बिछिया में किया जाना है। समारोह हेतु टेंट, डेकोरेशन, साउंड एवं भोजन व्यवस्था, वर-वधू के श्रृंगार सामग्री हेतु जनपद पंचायत बिछिया के तहत पात्रता योग्य संविदाकार/कार्य संपादन आपूर्तिकर्ता/पंजीकृत ठेकेदार/सप्लायर्स प्रमाणित दस्तावेजों सहित एम.पी. ई टेण्डर पोर्टल (www.mptenders.gov.in) पर ऑनलाइन निविदाएं दिनांक 11/04/2026 शाम 5 :00 बजे से दिनांक 23/04/2026 को दोप. 1 :00 बजे तक समस्त जानकारी सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। निविदाएं दिनांक 24/04/2026 को अपराह्न 01 :00 बजे कार्यालय जनपद पंचायत बिछिया सभाकक्ष में खोली जायेगी। जानकारी वेबसाईट (www.mptenders.gov.in में देखी जा सकती है।

**मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जनपद पंचायत बिछिया**

## खबर संक्षेप

### चार माह से मानदेय नहीं ग्राम रोजगार सहायकों का सामूहिक अवकाश हड़ताल की चेतावनी

**डिंडौरी।** जिले के जनपद पंचायत डिंडौरी में पदस्थ ग्राम रोजगार सहायकों ने मानदेय भुगतान में हो रही देरी के विरोध में सामूहिक अवकाश पर जाने का निर्णय लिया है। ग्राम रोजगार सहायक संगठन ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी को पत्र सौंपकर अपनी समस्या से अवगत कराया।पत्र में बताया गया है कि पिछले चार माह से मानदेय नहीं मिलने के कारण कर्मचारियों की आर्थिक स्थिति गंभीर हो गई है। परिवार के भरण पोषण में कठिनाई आ रही है। बच्चों की पढ़ाई स्कूल फीस और दैनिक खर्चों के साथ वाहन में पेट्रोल भराने तक में परेशानी हो रही है। इसके बावजूद सभी कर्मचारी शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन में लगातार लगे हुए हैं।समस्या के समाधान के लिए सभी ग्राम रोजगार सहायकों ने सामूहिक रूप से निर्णय लिया है कि वे 13 अप्रैल 2026 से 18 अप्रैल 2026 तक सामूहिक अवकाश पर रहेंगे और इस अवधि में मानदेय मिलने की प्रतीक्षा करेंगे।संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि 18 अप्रैल 2026 तक मानदेय का भुगतान नहीं किया गया तो सभी ग्राम रोजगार सहायक अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।

### डिंडौरी में भाजपा को मजबूती 125 ग्रामीणों ने थामा दामन

**डिंडौरी।** जिले में भारतीय जनता पार्टी के गांव बस्ती चलो अभियान के तहत संगठन को लगातार मजबूती मिल रही है। ग्राम पंचायत केवलारी के पोषक गांव मुकदरा में आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने अन्य दलों को छोड़कर भाजपा की सदस्यता ग्रहण की।बताया गया कि केंद्र सरकार की योजनाओं और पार्टी की रीति नीति से प्रभावित होकर 125 ग्रामीणों ने भाजपा जॉइन की। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने किया।इस अवसर पर अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष पंकज सिंह तेकाम प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नरेन्द्र सिंह राजपूत जिला महामंत्री सुधीरदत्त तिवारी और जिला उपाध्यक्ष महेश धुमकेती सहित कई पदाधिकारी मौजूद रहे।कार्यक्रम में शामिल ग्रामीणों ने कहा कि वे पार्टी की विचारधारा और विकास कार्यों से प्रभावित होकर भाजपा से जुड़े हैं और आगे भी संगठन को मजबूत करने में योगदान देंगे।भाजपा नेताओं ने नए सदस्यों का स्वागत करते हुए कहा कि पार्टी से जुड़ने वाले सभी कार्यकर्ता क्षेत्र के विकास और जनसेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।इस सदस्यता अभियान को लेकर राजनीतिक गलियारों में चर्चा तेज हो गई है

---

### मुख्य सचिव समेत कई अधिकारियों को नोटिस

# कृषि भूमि पर स्टोन क्रेशर मामले में एनजीटी सख्त

**डिंडौरी।**भोपाल में राष्ट्रीय हरित अधिकरण एनजीटी की केंद्रीय क्षेत्रीय पीठ ने एक अहम पर्यावरणीय मामले में कड़ा रुख अपनाया है। कृषि भूमि पर संचालित स्टोन क्रेशर को लेकर दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए अधिकरण ने राज्य और केंद्र के कई वरिष्ठ अधिकारियों को नोटिस जारी किए हैं। यह मामला सम्यक जैन बनाम मध्य प्रदेश राज्य एवं अन्य के रूप में दर्ज है।प्रारंभिक सुनवाई के बाद अधिकरण ने याचिका को स्वीकार करते हुए संबंधित विभागों से जवाब तलब किया है। जिन अधिकारियों को नोटिस जारी किया गया है उनमें मध्य प्रदेश के मुख्य सचिव पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय के सचिव डिंडोरी कलेक्टर माइनिंग एंड जियोलॉजी विभाग के डायरेक्टर राज्य पर्यावरण प्रभाव आकलन प्राधिकरण के सदस्य सचिव और संबंधित प्राधिकरण के चेयरमैन शामिल हैं।




मामले की गंभीरता को देखते हुए केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को भी पक्षकार बनाया गया है और उसे भी नोटिस जारी किया गया है। अधिकरण ने सभी संबंधित पक्षों को निर्देश दिए हैं कि वे 9 जुलाई 2026 को सुबह 10:30 बजे तक अपना लिखित जवाब और आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करें।आदेश में यह स्पष्ट किया गया है कि निर्धारित समय सीमा के भीतर जवाब नहीं देने पर मामले की सुनवाई एकतरफा की जा सकती है। पर्यावरण संरक्षण से जुड़े इस प्रकरण को प्रशासनिक और पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है जिसमें संबंधित विभागों की जवाबदेही तय की जाएगी।



---

## नगर परिषद शहपुरा में पदभार ग्रहण समारोह विकास को गति देने का संकल्प



**शहपुरा।** नगर परिषद शहपुरा के सभागार में आयोजित पदभार ग्रहण समारोह ने नगर विकास को नई दिशा देने का संकेत दिया। नव मनोनीत पार्षदों के स्वागत और पदभार ग्रहण कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक ओमप्रकाश धुर्वे मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और प्रशासन ने मिलकर नगर के सर्वांगीण विकास का संकल्प लिया।कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक विधि विधान के साथ हुई। विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने नव मनोनीत पार्षद राजेश साहू मनोज सोनी रामलाल रजक और हारून मंसूरी का तिलक लगाकर एवं श्रीफल भेंट कर स्वागत किया। उन्होंने कहा कि नए सदस्यों के शामिल होने से विकास कार्यों को गति मिलेगी। उन्होंने पार्षदों से अपेक्षा जताई कि वे जनता की समस्याओं को प्राथमिकता दें और पारदर्शिता व जवाबदेही के साथ कार्य करें।

समारोह में नगर परिषद अध्यक्ष शालिनी अरुण अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही। उनके साथ जिला महामंत्री बद्री प्रसाद साहू जिला उपाध्यक्ष संतोष साहू मंडल महामंत्री नितिन गुप्ता मानिकपुर मंडल अध्यक्ष हिरेंद्र मरावी सहित कई वरिष्ठ नेता मंच पर मौजूद रहे। श्रीमती प्रियंका आर्मो और श्रीमती प्रीति श्रीवास्तव की भागीदारी भी उल्लेखनीय रही।अपने संबोधन में विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने स्वच्छता पेयजल सड़क और प्रकाश व्यवस्था जैसे मूलभूत कार्यों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया। उन्होंने पार्षदों से टीम भावना के साथ कार्य करने और शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने की अपील की।कार्यक्रम की व्यवस्थाएं नगर परिषद की सीएमओ रीना राठौर के नेतृत्व में सुचारू रूप से संपन्न हुईं। प्रशासनिक टीम ने आयोजन को व्यवस्थित और अनुशासित बनाए रखा। इस दौरान अनूप गुप्ता रामजी गुप्ता संतोष झारिया सहित अन्य पार्षद और कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।समारोह के दौरान उत्साह और सकारात्मक माहौल देखने को मिला। नव मनोनीत पार्षदों ने नगर विकास के लिए पूरी निष्ठा से कार्य करने का भरोसा दिलाया। अंत में सभी जनप्रतिनिधियों ने शहपुरा नगर को स्वच्छ सुव्यवस्थित और विकासशील बनाने का संकल्प दोहराया। यह समारोह नगर परिषद शहपुरा के लिए नई शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है।

---

## समय सीमा बैठक में कलेक्टर के सख्त निर्देश योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर

**डिंडौरी।** कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय सीमा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में संचालित शासकीय योजनाओं विकास कार्यों और जनहित से जुड़े मामलों की विस्तृत समीक्षा की गई।कलेक्टर ने जल गंगा संवर्धन अभियान को प्रभावी रूप से लागू करने के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारी राजस्व को अपने क्षेत्र में नदी नाले कुएं और घाटों की साफ सफाई कराने के लिए कहा। शहपुरा क्षेत्र के ग्राम पंचायत मालपुर में मां नर्मदा घाट की सफाई स्थानीय लोगों के सहयोग से कराने के निर्देश दिए गए। जनपद पंचायत और ग्रामीण यांत्रिकी विभाग को नियमित निरीक्षण कर निर्माण कार्य समय सीमा में पूरा करने के लिए कहा गया। साथ ही गांवों में बैनर और चौपाल के माध्यम से जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और शपथ दिलाने के निर्देश दिए गए।



कलेक्टर ने महिला बाल विकास विभाग शिक्षा विभाग डीपीसी और जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में मध्यान्ह भोजन और नाश्ता कहां तैयार किया जा रहा है इसकी सूची दो दिन में प्रस्तुत करें। साथ ही यह प्रमाण पत्र भी दें कि भोजन निर्धारित मापदंड के अनुसार दिया जा रहा है।सभी अधिकारियों को न्यायालयीन प्रकरणों में समय पर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। लापरवाही बरतने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। कलेक्टर ने ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किए जा रहे सब्जी उत्पादन की फोटो लेकर पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए ताकि उन्हें आगे लाभ मिल सके।

धन धान्य योजना के अंतर्गत जनपद स्तर पर किए जा रहे कार्यों शिविरों और निर्माण कार्यों की जियो टैग फोटो अपलोड करने के निर्देश दिए गए। उद्योग विभाग को 15 दिन के भीतर पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने के लिए कहा गया।कलेक्टर ने सीईओ पीएचई अधिकारी तहसीलदार और अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि गांवों में पेयजल की समस्या को गंभीरता से लेते हुए पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करें ताकि लोगों को परेशानी न हो।आरईएस विभाग को जिले के सभी जल स्रोतों पर पानी संचयन के लिए गेट लगाए जाने का प्रमाण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने आंगनवाड़ी स्कूल और शासकीय भवनों सहित सभी अधिकारियों कर्मचारियों को अपने घरों में रेन वाटर हार्वेस्टिंग लगाने और उसका जियो टैग फोटो जमा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे जल स्तर बना रहेगा और भविष्य में पानी की समस्या कम होगी।नगरपालिका अधिकारियों को डिंडौरी और शहपुरा क्षेत्र में डिवाइडरों की साफ सफाई रखने और अनावश्यक बैनर हटाने के निर्देश दिए गए ताकि दुर्घटनाएं कम हो सकें। जनगणना 2027 के कार्य को भी जिम्मेदारी के साथ समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए गए।मुख्यमंत्री हेल्पलाइन की शिकायतों की समीक्षा करते हुए लंबित प्रकरणों का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत सामूहिक विवाह की तिथियां घोषित की गईं। 20 अप्रैल को बजाग 28 अप्रैल को डिंडौरी 7 मई को शहपुरा और 14 मई को अमरपुर में कार्यक्रम आयोजित होंगे। पात्र हितग्राहियों को आवश्यक दस्तावेजों के साथ योजना का लाभ लेने के निर्देश दिए गए।बैठक में न्यायालयीन प्रकरण समग्र आईडी ई केवाईसी सीपी ग्राम पीएम जनमन योजना स्वच्छ भारत मिशन स्कूलों में शौचालयों की साफ सफाई नगरीय निर्माण कार्य और राजस्व मामलों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने बंटवारा सीमांकन नामांतरण नक्शा तरमीम फौती नामांतरण फार्मर रजिस्ट्री और राजस्व वसूली के कार्य समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए।

---

## बाबा साहब के आदर्शों पर चलने का आह्वान शहपुरा में मनाई गई अंबेडकर जयंती



**शहपुरा।** भारत रत्न डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर शहपुरा स्थित शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में सोमवार को भव्य और गरिमामयी कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक ओम प्रकाश धुर्वे मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की और उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।विधायक ओम प्रकाश धुर्वे ने अपने संबोधन में कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष चुनौतियों और अडिग संकल्प की प्रेरणादायक गाथा है। उन्होंने कहा कि सामाजिक विषमताओं और कठिन परिस्थितियों के बावजूद बाबा साहब ने शिक्षा को अपना सबसे बड़ा हथियार बनाया और देश को मजबूत संविधान दिया। उन्होंने कहा कि आज के युवाओं को उनके जीवन से सीख लेकर हर परिस्थिति में अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहना चाहिए।उन्होंने आगे कहा कि शिक्षा और दृढ़ निश्चय के बल पर ही व्यक्ति अपने जीवन की दिशा बदल सकता है। विपरीत परिस्थितियां सफलता के मार्ग में बाधा नहीं बल्कि अवसर होती हैं। बाबा साहब का जीवन इस बात का प्रमाण है कि यदि इरादे मजबूत हों तो कोई भी लक्ष्य असंभव नहीं होता।कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही। जिला उपाध्यक्ष संतोष साहू जिला महामंत्री बद्री प्रसाद साहू मंडल महामंत्री नितिन गुप्ता मानिकपुर मंडल अध्यक्ष हिरेंद्र मरावी और शहपुरा मंडल अध्यक्ष भजन दास चक्रवर्ती सहित कई गणमान्य नागरिक शामिल हुए। इसके अलावा जनपद अध्यक्ष श्रीमती प्रियंका आर्मो राजेश साहू रामलाल रजक हारून मंसूरी संतोष झारिया और विश्वनाथ झारिया सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम में भाग लिया।प्रशासनिक अमले से डीईओ एम के राय बीआरसी गुरुप्रसाद साहू और विद्यालय के प्राचार्य डी के श्रीवास्तव की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने बाबा साहब के विचारों को अपने जीवन में अपनाने और समाज में समानता तथा शिक्षा के प्रसार के लिए कार्य करने का संकल्प लिया।

### कमल अग्रवाल बने जन परिषद के संभागीय महासचिव

**शहपुरा** -अखिल भारतीय स्तर की सामाजिक संस्था जन परिषद में भाजपा के वरिष्ठ नेता कमल अग्रवाल को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्हें शहपुरा चैप्टर का अध्यक्ष एवं महाकोशल चैप्टर का संभागीय महासचिव मनोनीत किया गया है।यह नियुक्ति जन परिषद के अध्यक्ष एवं पूर्व डीजीपी श्री एन.के. त्रिपाठी द्वारा, जन परिषद नैनपुर चैप्टर के अध्यक्ष कन्हैया लाल झारिया की अनुशंसा पर की गई है।संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि कमल अग्रवाल को उनके सामाजिक सरोकारों एवं सक्रिय कार्यशैली को देखते हुए यह जिम्मेदारी दी गई है। उनकी नियुक्ति से संगठन को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई गई है।जन परिषद एक राष्ट्रीय स्तर की सामाजिक संस्था है, जो पिछले 37 वर्षों से सामाजिक एवं रचनात्मक कार्यों में सक्रिय है। संस्था द्वारा कई महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक संदर्भ ग्रंथों का प्रकाशन भी किया जा चुका है।संस्था अब तक पर्यावरण विषय पर 12 अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस आयोजित कर चुकी है।

---

## नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के तहत मैराथन बेटियों ने दिया जागरूकता का संदेश



**डिंडोरी।** जिले में नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा सोमवार सुबह बेटियों की मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया। इस आयोजन के माध्यम से महिला सशक्तिकरण नशा मुक्ति और जल संरक्षण का संदेश दिया गया।मैराथन दौड़ को नगर परिषद डिंडोरी की अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सारस ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दौड़ कलेक्ट्रेट प्रांगण से प्रारंभ होकर उत्कृष्ट विद्यालय परिसर में समाप्त हुई। इस दौरान प्रतिभागियों को नशा मुक्त भारत और जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई।अनुविभागीय अधिकारी राजस्व राम बाबू देवांगन ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि शपथ केवल औपचारिकता न रहे बल्कि उसे जीवन में उतारते हुए परिवार और समाज को भी इसके लिए प्रेरित किया जाए। उन्होंने डॉ भीमराव आंबेडकर के विचारों को स्मरण करते हुए अधिकारों और कर्तव्यों के पालन पर जोर दिया।नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सारस ने कहा कि महिलाएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और शासन द्वारा उनके सशक्तिकरण के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा महिलाओं को आत्मनिर्भर और जागरूक बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। महिला एवं बाल विकास विभाग ने जानकारी दी कि 10 अप्रैल से 25 अप्रैल तक जिले में विभिन्न सांस्कृतिक और जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

इस अवसर पर आदिवासी विकास विभाग खेल विभाग और जनसंपर्क विभाग सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।कार्यक्रम के माध्यम से महिला सशक्तिकरण के साथ सामाजिक सरोकारों के प्रति जागरूकता का सकारात्मक संदेश दिया गया।कार्यक्रम में नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता सारस एसडीएम डिंडोरी राम बाबू देवांगन खेल एवं युवा कल्याण विभाग अधिकारी मोहम्मद अहमद खान महिला बाल विकास विभाग अधिकारी श्याम सिंगोर क्रीड़ा प्रभारी पीएस राजपूत वंदना मनकपुरी नेहा वरमैया सिविल सर्जन रमेश मरावी यातायात प्रभारी पुलिस अधिकारी जनसंपर्क अधिकारी और खेल विभाग के चेतराम अहिरवार आरती सोंधिया सुनीता लक्ष्मी संतोषी यादव रोशन बाबू राजकुमार नीरज छात्रावास अधीक्षक और शिक्षक सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।




---

### टीईटी तैयारी के बीच शिक्षकों को जनगणना ड्यूटी से मुक्त करने की मांग

**डिंडौरी।** जिले में शिक्षकों को राष्ट्रीय जनगणना 2027 के कार्य से मुक्त किए जाने की मांग तेज हो गई है। अध्यापक शिक्षक संयुक्त मोर्चा के संभागीय अध्यक्ष राम कुमार गर्ग ने इस संबंध में कलेक्टर अंजू पवन भदौरिया को पत्र लिखकर मांग उठाई है।पत्र में उन्होंने आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग भोपाल के निर्देशों का उल्लेख करते हुए बताया कि शिक्षक आगामी टीईटी परीक्षा की तैयारी में जुटे हुए हैं। ऐसे में जनगणना जैसे समय लेने वाले कार्य में ड्यूटी लगाने से उनकी तैयारी प्रभावित हो सकती है।उन्होंने सुझाव दिया है कि जनगणना कार्य के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ता रोजगार सहायक सचिव पटवारी और अन्य विभागीय कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाए ताकि शिक्षकों को इस जिम्मेदारी से मुक्त रखा जा सकेराम कुमार गर्ग ने बताया कि इस मांग की प्रतिलिपि संभागायुक्त जबलपुर तथा एसडीएम डिंडौरी और बजाग को भी भेजी गई है

In The Court Of Civil Judge Class-I and Chief Judicial Magistrate, District Court, Dindori
Presiding Officer:गिरजेश कुमार सनोदिया
आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक
(MJC SUC/0000002/2026)
दृष्टि धनगर....................आवेदक
Vs
जनसाधारण..............अनावेदक
Process Id- / 2026
पेशी दिनांक :- 13/05/2026
प्रेषिती-(1) जनसाधारण पता डिण्डौरी जिला डिण्डौरी म.प्र. (2) आम जनता
आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक दृष्टि धनगर पता ने मृतक श्रीमती रेखा धनगर निवासी वार्ड नं. 2 भुलैया टोला डिण्डौरी की राशि की भुगतान हेतु राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक / संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिये इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 13 May 2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक /संरक्षक होने सम्बन्धी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 13 May 2026 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें । सूचना उपरांत, यदि की सुनवायी एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 07 April 2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है
गिरजेश कुमार सनोदिया (न्यायाधीश)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड
सील जिला डिण्डौरी (म.प्र.)
कृपया ध्यान दें:- 1. यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो अगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा।

**खबर संक्षेप**

### डॉ. अम्बेडकर जयंती पर परिचर्चा आयोजित




**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** संविधान प्रारूप समिति के अध्यक्ष डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती के उपलक्ष्य में मध्यप्रदेश शासन उच्चशिक्षा विभाग भोपाल एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय जबलपुर के निर्देशानुसार अम्बेडकर जयंती पखवाड़ा अंतर्गत एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर में विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला में संविधान निर्माण में डॉ. भीमराव अंबेडकर की महती भूमिका विषय पर एक दिवसीय परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम, डॉ. गजानन मिश्रा प्राध्यापक समाजशास्त्र, महात्मा गांधी कॉलेज करेली के मुख्य आतिथ्य, डॉ अशोक कुमार गर्ग, प्राचार्य एम.आई.एम.टी. कॉलेज नरसिंहपुर की अध्यक्षता, डॉ. प्रभृति सेन, सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी पीजी कॉलेज नरसिंहपुर तथा डॉ. तिलक राजपूत सहायक प्राध्यापक कम्प्यूटर साइंस महात्मा गांधी कॉलेज करेली के विशिष्ट आतिथ्य एवं कला एवं समाज कार्य विभाग के विभागाध्यक्ष मेजर डॉ. पराग नेमा की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण में प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार गर्ग द्वारा संविधान की रूपरेखा एवं भीमराव अंबेडकर के विचारों पर प्रकाश डाला गया। विशिष्ट अतिथि डॉ. प्रभृति सेन, सुश्री शिवानी सिंह एवं सुश्री दीक्षा तोमर सहायक प्राध्यापक विधि संकाय द्वारा डॉ. अंबेडकर के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि डॉ. मिश्रा द्वारा संविधान की राष्ट्र निर्माण तथा समाज में उपयोगिता एवं विभिन्न संस्कारों का संविधान में उल्लेख विषय पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन, सरस्वती पूजन एवं डॉ. अंबेडकर के छायाचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। कार्यक्रम का संचालन श्रीमती आराधना दुबे रासेयो कार्यक्रम अधिकारी तथा आभार डॉ. पराग नेमा द्वारा किया गया। इस अवसर पर जी.डी. ऊमरे विभागाध्यक्ष वाणिज्य संकाय, आई.टी. ऑफीसर प्रसून नेमा, सहायक प्राध्यापक हेमराज सेन, मो. आशिक अली, के.के. जाटव, सुयश फरसोईया, श्रीमती रश्मि दुबे, सुश्री दीक्षा केवट, सुश्री शीतल जाट, सुश्री कंचन तखरया सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति रहीं।

### क्रिकेट प्रतियोगिता में युवराज इलेवन बना फाइनल विजेता



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** करेली के समीपी ग्राम मोहद में रात्रि कालीन टेनिस बॉल क्रिकेट में क्षेत्र की 64 टीमों ने भाग लिया प्रतियोगिता का सेमी फाइनल एवं फाइनल मैच खेला गया प्रतियोगिता में मोहद क्रिकेट महाकुंभ क्रिकेट टूर्नामेंट में हमारे क्षेत्र की जानी पहचानी टीम युवराज 11 गाडरवारा ओनर हर्षित पटेल (खैरी) विजय प्राप्ति की वही उपविजेता गोटेगांव टीम रही जहां पर प्रथम इनाम 51 हजार रुपए नरसिंहपुर विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन में कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल द्वारा एवं उप विजेता टीम को 25 रुपए ग्राम मोहद के सरपंच वीरेंद्र उर्फ बीनू चैहान द्वारा दिया गया वही विजेता एवं विजेता टीम को ट्रॉफी संतोष साहू द्वारा दी गई, युवराज 11 का इस सीजन में 15 फाइनल मैच जीत चुकी है इसमें हमारे लोकल गाडरवारा के ऑल राउंडर खिलाड़ी कप्तान साहिल खान उप कप्तान गौरव शर्मा, प्रतीक राजपूत अभिषेक ऋषि राज लोधी साहिल बुंदेला इस टीम में अहम भूमिका रही गौरतलब हो कि युवराज 11 नरसिंहपुर जिले के अलावा बाहर के जिले में जाकर अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर रही हैं।

### श्रीमती शीलाबाई जाट का निधन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस नगर के किसानी वार्ड निवासी दलगंजन जाट की धर्मपत्नी श्रीमती शीला बाई जाट का करीब 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे बल्लू जाट, पप्पू जाट की माताश्री एवं प्रवीण जाट की दादी थीं। उनका अंतिम संस्कार बाईपास खेर माई मढ़िया के पास उनके खेत पर किया गया जहां पर समाज के सभी वर्गों द्वारा श्रद्धांजलि दी गई।

## नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा, विभिन्न गतिविधियां होगी आयोजित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिले में 25 अप्रैल 2026 तक नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा मनाया जाएगा। इस संबंध में सीईओ जिला पंचायत गजेन्द्र सिंह नागेश ने पखवाड़े के अंतर्गत होने वाली विभिन्न गतिविधियों के संबंध में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में संबंधित अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में महिला एवं बाल विकास विभाग सहित विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश ने कहा कि नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत जारी निर्देशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिले की प्रत्येक परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लोकसभा विधानसभा क्षेत्रों में नारी शक्ति पदयात्रा आयोजित की जाए।

### विशेष ग्राम सभा का आयोजन

जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा युवा वर्ग के द्वारा नारी शक्ति वंदन दीवार लेखन तैयार किया जावे, इस दीवार में संदेश भी लिखे जाएं। महिला एवं बाल विकास और ग्रामीण एवं शहरी आजीविका मिशन के द्वारा महिला संगठन, महिला स्वसहायता समूह, लखपति दीदी, लाड़ली बहना आदि को अभियान से जोड़ा जाए। महिला एवं बाल विकास, स्कूल शिक्षा विभाग व जनसम्पर्क विभाग के द्वारा नारी शक्ति वंदन के प्रचार- प्रसार के लिए वीडियो बनाया जाए और उन्हें सोशल मीडिया में पोस्ट किया जाए। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों में नारी शक्ति वंदन के संबंध में गोष्ठी सेमीनार तथा प्रस्ताव करना इत्यादि आयोजित कराई जाए। साथ ही डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाए, जिसमें डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ ग्राम सभा में नारी शक्ति वंदन के संबंध में चर्चा कराई जावे।

### नारी शक्ति वंदन आधारित होंगे कार्यक्रम

नगरीय विकास विभाग के द्वारा जिले में नगरीय निकाय में नारी शक्ति वंदन के संबंध में गोष्ठी, व्याख्यान इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किए जाएं। संबंधित विभाग के द्वारा जिले में धार्मिक, सामाजिक, औद्योगिक, व्यापारिक एवं सहकारी संगठनों आदि में नारी शक्ति वंदन के संबंध में गोष्ठी व व्याख्यान आदि कार्यक्रम आयोजित किए जावे। जनसम्पर्क विभाग के द्वारा नारी शक्ति वंदन का प्रिंट मीडिया, सोशल मीडिया, फेसबुक आदि पर प्रचार- प्रसार सुनिश्चित किया जावे। उच्च शिक्षा



स्कूल शिक्षा जनजातीय कार्य विभाग के द्वारा जिले के समस्त विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विद्यालयों में नारी शक्ति वंदन विषय पर व्याख्यान आयोजित किए जावें। संबंधित विभाग के द्वारा सभी स्तरों पर आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों में जनप्रतिनिधियों की सहभागिता सुनिश्चित की जावे।

बॉक्स में लगाएं

### कलेक्टर ने जारी किए निर्देश जारी

नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा मनाया जाएगा। सामान्य प्रशासन विभाग के द्वारा पखवाड़ा के तहत निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जिले के सभी जिला प्रमुखों को पखवाड़े के सफल आयोजन के लिए दिशा निर्देश दिए हैं। उन्होंने सम्पूर्ण कार्यक्रम के दौरान महिला एवं बाल विकास को नोडल नियुक्त किया है। नारी शक्ति वंदन पखवाड़ा के अंतर्गत जारी निर्देश के अनुसार जिले की प्रत्येक परियोजना अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा लोकसभा विधानसभा क्षेत्रों में नारी शक्ति पदयात्रा आयोजित की जाएगी। जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग के द्वारा युवा वर्ग के द्वारा नारी शक्ति वंदन दीवार लेखन तैयार किया जाएगा व दीवार में संदेश भी लिखे जाएंगे। महिला एवं बाल विकास और ग्रामीण एवं शहरी आजीविका मिशन के द्वारा महिला संगठन, महिला स्वसहायता समूह, लखपति दीदी, लाड़ली बहना आदि को अभियान से जोड़ा जाएगा। महिला एवं बाल विकास विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग व जनसम्पर्क विभाग के द्वारा नारी शक्ति वंदन के प्रचार- प्रसार के लिए वीडियो बनाकर सोशल मीडिया में पोस्ट किया जाएगा। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतों में नारी शक्ति वंदन के संबंध में गोष्ठी सेमीनार तथा प्रस्ताव करना इत्यादि आयोजित कराई जाएगी। डॉ. भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर विशेष ग्राम सभा का आयोजन किया जाएगा, जिसमें डॉ. भीमराव अम्बेडकर के चित्र पर पुष्पांजलि के साथ ग्राम सभा में नारी शक्ति वंदन के संबंध में चर्चा की जाएगी। नगरीय विकास विभाग के द्वारा जिले में नगरीय निकाय में नारी शक्ति वंदन के संबंध में गोष्ठी, व्याख्यान इत्यादि कार्यक्रम आयोजित किए जाएं।

## आज मनाई जाएगी भगवान सेन जी महाराज की जयंती



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** सेन समाज के आराध्य संत शिरोमणि भगवान सेन जी महाराज की 726 वीं जयंती 14 अप्रैल मंगलवार को स्थानीय तुलसी मानस भवन सदर मढ़िया प्रांगण मे मनाई जावेगी। आयोजन समीति द्वारा बताया गया कि प्रातः रामधुन मंडल में प्रसादी वितरण 10 बजे हवन - पूजन, आरती तथा दोपहर 12 सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन एवं अतिथियों का सम्मान व पुरस्कार वितरण किया जावेगा। उसके उपरांत भव्य प्रसादी वितरण की जावेगी। उक्त जानकारी सेन समाज अध्यक्ष प्रदीप सेन द्वारा दी गई।

## समाज गौरव अलंकरण से सम्मानित हुई पार्षद प्रतिभा अस्सू नेमा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस शहीद स्मारक भवन गोल बाजार जबलपुर में अखिल भारतीय दशा नेमा वणिक समाज द्वारा आयोजित समाज गौरव अलंकरण समारोह में नगर पालिका परिषद में लगातार पार्षद प्रतिभा अस्सू नेमा को समाज गौरव अलंकरण से सम्मानित किया गया कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री राव उदय प्रताप सिंह परिवहन एवं शिक्षा मंत्री मध्यप्रदेश शासन की उपस्थित समाज में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवाएं प्रदान करने वाले प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। उक्त अवसर पर वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. अखिलेश गुमास्ता, अखिल भारतीय दशा नेमा वणिक समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम नेमा, महासचिव राकेश नेमा, सचिव आनंद नेमा, म. प्र. नेमा समाज महाकौशल अध्यक्ष सुनील नेमा व वरिष्ठ समाजसेवी सुरेश नेमा सहित अन्य सामाजिक पदाधिकारी व नेमा समाज के समाज बंधु एवं मातृशक्तियां बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।



## श्रद्धा और भक्ति के साथ श्री सत्य साई दिव्य कथा संपन्न



**गोटेगांव।** शिक्षक कालोनी स्थित श्री सत्य साई सेवा केंद्र में आयोजित सात दिवसीय दिव्य कथा का 10 अप्रैल 2026 को भव्य समापन श्रद्धा एवं भक्ति भाव के साथ संपन्न हुआ। इस धार्मिक आयोजन में नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही इंदौर से पधारे कथा व्यास आर.पी. चौरे ने अपने लगभग 50 वर्षों के सेवा अनुभवों एवं स्वामी की दिव्य अनुभूतियों को साझा करते हुए श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। कथा के दौरान आध्यात्मिक प्रसंगों और जीवन मूल्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला गया। समापन अवसर पर महामंगल आरती का आयोजन किया गया तथा श्रद्धालुओं को विभूति प्रसाद वितरित किया गया। कार्यक्रम के पश्चात आयोजित भव्य भंडारे में सैकड़ों भक्तों ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। यह आयोजन भक्तिभाव, सेवा और सामूहिक श्रद्धा का अनुपम उदाहरण रहा।

## गोटेगांव में बाबा साहब अंबेडकर जयंती की पूर्व संध्या पर दीप प्रज्वलन कार्यक्रम सम्पन्न



**गोटेगांव।** भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती की पूर्व संध्या पर गोटेगांव विधानसभा क्षेत्र के गुरुनानक वार्ड, नया बाजार स्थित उनकी प्रतिमा स्थल पर दीप प्रज्वलन कार्यक्रम बड़े ही गरिमामय एवं श्रद्धामय वातावरण में सम्पन्न हुआ। पूरे क्षेत्र में इस आयोजन को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिला।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक महेन्द्र नागेश विशेष रूप से उपस्थित रहे। उन्होंने प्रतिमा स्थल पर पहुंचकर बाबा साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। अपने संबोधन में विधायक नागेश ने कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष, समर्पण और सामाजिक न्याय की अद्वितीय मिसाल है। उन्होंने अपने जीवन के माध्यम से समाज के वंचित वर्गों को अधिकार दिलाने का कार्य किया और देश को एक सशक्त संविधान प्रदान किया।उन्होंने आगे कहा कि बाबा साहब के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं, जितने पहले थे। उनके बताए मार्ग—समानता, शिक्षा और संगठन—पर चलकर हीं समाज को सशक्त और समरस बनाया जा सकता है। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से आह्वान किया कि वे बाबा साहब के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें। इस अवसर पर प्रतिमा स्थल की साफ-सफाई एवं सौंदर्यीकरण भी किया गया, जिससे स्थल और अधिक आकर्षक एवं प्रेरणादायक बन गया। दीपों की रोशनी से पूरा परिसर आलोकित हो उठा, जिसने कार्यक्रम को और भी भावपूर्ण बना दिया।कार्यक्रम में नगर मंडल अध्यक्ष अंजनी दीपक सोनी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, सामाजिक कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर बाबा साहब के बताए मार्ग पर चलने और समाज में समानता व न्याय स्थापित करने का संकल्प लिया। यह आयोजन न केवल श्रद्धांजलि अर्पित करने का माध्यम रहा, बल्कि समाज में जागरूकता एवं जिम्मेदारी की भावना विकसित करने का एक प्रेरणादायक प्रयास भी साबित हुआ।

## यातायात सुरक्षा को लेकर थाना गोटेगांव का वाहन चेकिंग अभियान, कार्रवाई पर उठे सवाल



**गोटेगांव।** नगर के बायपास चौराहा गोटेगांव पर थाना पुलिस द्वारा यातायात सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा समय-समय पर इस प्रकार के अभियान चलाकर सड़क सुरक्षा नियमों का पालन सुनिश्चित कराया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य यात्रियों को सुरक्षित उनके गंतव्य तक पहुंचाना होता है।अभियान के दौरान पुलिस द्वारा सीट बेल्ट न लगाने, बिना नंबर प्लेट के वाहन चलाने, तेज रफ्तार में वाहन चलाने जैसे नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर कार्रवाई की गई। चेकिंग के दौरान मुख्य रूप से कार चालकों को रोका गया और उनके दस्तावेजों की जांच की गई।हालांकि, इस कार्रवाई के दौरान कुछ सवाल भी खड़े हुए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चौराहे से गुजरने वाले कई बड़े वाहन—जैसे लोडिंग वाहन एवं सवारी वाहन—बिना जांच के ही निकलते रहे, जबकि छोटे चारपहिया वाहनों को ही जांच का प्रमुख हिस्सा बनाया गया। इससे कार्रवाई की निष्पक्षता को लेकर संदेह उत्पन्न हुआ है। मौके पर मौजूद संवाददाता द्वारा जब इस संबंध में जांच दल से जानकारी लेनी चाही, तो उन्हें थाना प्रभारी से संपर्क करने की बात कहकर टाल दिया गया। वहीं, इस विषय में एसडीओपी मनीष त्रिपाठी से चर्चा करने पर उन्होंने भी जानकारी के लिए थाना प्रभारी से ही संपर्क करने की सलाह दी। समाचार लिखे जाने तक इस मामले में थाना प्रभारी का पक्ष प्राप्त नहीं हो सका है। ऐसे में यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि क्या आगामी दिनों में पुलिस विभाग इस प्रकार की कार्रवाई को और अधिक पारदर्शी एवं संतुलित बनाते हुए सभी प्रकार के वाहनों पर समान रूप से लागू करेगा।

## सर्व ब्राह्मण महासभा की नगर महिला कार्यकारणी का गठन

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिनों तहसील सर्वब्राह्मण महासभा के अध्यक्ष पं मुकेश बाजपेई और नगर अध्यक्ष नीरज तिवारी की सहमति से सर्व ब्राह्मण महासभा की महिला कार्यकारणी का गठन किया गया जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष श्रीमती रजनी शर्मा उपाध्यक्ष ममता पाण्डे साधना तिवारी रश्मि शर्मा सचिव कीर्ति तिवारी महामंत्री रीना बिल्थरे प्रचारमंत्री विनीता चौबे मधु तिवारी प्रवक्ता विनीता मिश्रा सदस्य बंदना शर्मा सीमा वाजपेयी बबली पचौरी माया दुबे सविता शर्मा सरस्वती शर्मा ममता वाजपेयी नीलमणि दुबे अनीता उपाध्याय रश्मि मिश्रा माथुरी बसेडिया तथा महिला संरक्षक मण्डल में श्रीमती माया पुजारी सुधा अवस्थी निशा शर्मा मालती बसेडिया सुधा बाजपेयी ललिता तिवारी सहोद्रा पाण्डेय सीमा मिश्रा अंजली बारोलिया किरण रावत राधा शास्त्री लक्ष्मी मिश्रा प्रमुख रुप से शामिल हैं।



## गहोई समाज की बैठक संपन्न



**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस श्री देव राम जानकी गहोई नगरिया मंदिर तेंदूखेड़ा में गहोई समाज के महाकौशल क्षेत्र के अध्यक्ष शिवकुमार नीखरा पूर्व अध्यक्ष सतीश सेठ सह साथीगणों की उपस्थिति और सहयोग मार्ग दर्शन में आवश्यक विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई तथा आगे के कार्यों को गति देने के लिए गहोई समाज की सर्वसम्मति से ग़होई समाज पंचायत तेंदूखेड़ा का गठन किया गया जिसमें अध्यक्ष गोपाल गुप्ता उपाध्यक्ष अनूप रूसिया सचिव प्रदीप नगरियासहसचिव शिव कुमार गेड़ा कोषाध्यक्ष विनीत गेड़ा संगठन मंत्री देवेंद्र नीखरा प्रचार मंत्री शुभम नीखरा कार्यकारिणी में राजेश रूसिया शिव कुमार रूसिया आशीष गेड़ा रामगोपाल गेड़ा जितेंद्र गेड़ा कैलाश हुंकापराग गेड़ा जितेंद्र नीखरा प्रेमनारायण छिरोल्या राजेश रूसिया बिलगुवा आशीष रूसिया समाज के सभी पदाधिकारियों द्वारा सभी लोगों को अपने अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर पद की गरिमा का पूर्ण ध्यान रख कर समाज के हितों में कार्य को आगे ले जाने का मार्गदर्शन दिया व शपथ ग्रहण कराई गई जिसमें समाज के सभी वरिष्ठ जनों की पूर्ण उपस्थिति रही ।

## विशाल शोभायात्रा के साथ श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का समापन

**तेंदूखेड़ा।** डोभी में विगत 4अप्रेल से 13 अप्रेल तक चले श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान का सोमवार को विशाल शोभायात्रा के साथ हर्षोल्लास पूर्वक समापन हुआ।दस दिनों तक ब्रह्मचारी नरेश भैया के मार्गदर्शन में प्रतिदिन इंद्र इंद्राणियों ने पीत वस्त्र में अभिषेक शांति धारा पूजन एवं अर्घ समर्पित किए गए। तथा सागर से आई संगीत पार्टी के द्वारा संगीत की स्वरलहरियों से उपस्थित श्रद्धालुओं को झूमने मजबूर किया। छोटे छोटे बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।समापन के दौरान हवन किया गया तत्पश्चात विशाल शोभायात्रा नगर के मुख्य मार्गो से निकाली गई। श्रीजी मंदिर जी में विराजमान हुए अभिषेक शांति धारा की गई। इस आयोजन में डोभी जैन मंदिर कमेटी एवं सकल दिगंबर जैन समाज ने आयोजक सिंघई परिवार का इसी क्रम में बाल ब्रह्मचारी नरेश भैया एवं संगीत पार्टी के साथ अन्य सेवाभावियों का जैन समाज द्वारा सम्मान किया गया। इस आयोजन को लेकर सकल दिगंबर जैन समाज में उत्साह का माहौल बना रहा।

